निबन्ध प्रतियोगिता के नियम एवं विनियम

आवेदन की अंतिम तिथि 31.10.2020

प्रथम चरण की निबन्ध लेखन प्रतियोगिता तिथि 22.11.2020

सरोकार की वेबसाइट विजिट करें www.sarokaar.org

आवेदन कैसे करें

संलग्नित फार्म भरें और शुल्क भुगतान की रसीद के साथ ईमेल करें। anilkchand@gmail.com

निबन्ध प्रतियोगिता दो समूहों मे होगी। बालक समूह और बालिका समूह, दोनो समानांतर रूप से संचालित किये जायेंगे।

प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर तीन चरणों की होगी।

ब्लॉक स्तर पर चयनित प्रतिभागी जिला स्तर की प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे और जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे।

उत्तराखण्ड के प्रत्येक ब्लॉक से 10 छात्र और 10 छात्राओं का उनके निबंध के मूल्यांकन की श्रेणी के आधार पर चयनित कर जिला स्तर पर प्रतियोगिता के लिये आमंत्रित किया जायेगा।

उत्तराखण्ड के हर जिले से 5 छात्र और 5 छात्राओं को उनके निबंध लेखन के मूल्यांकन के आधार पर राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये आमंत्रित किया जायेगा। अतः सम्पूर्ण उत्तराखण्ड से कुल 130 (65 छात्र और 65 छात्रायें) प्रतिभागियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित किया जायेगा और उन्ही मे से उनके राज्य स्तर के निबंध लेखन के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान से आठवें स्थान तक की श्रेणी मे रख कर पुरष्कृत कर प्रशस्ति पत्र भी दिये जायेंगे तथा राज्य स्तर के अखबारों मे प्रथम स्थान से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के चित्र उनके द्वारा प्राप्त रैंक के साथ प्रकाशित भी किये जायेंगे।

सभी छात्र छात्रायें जो भी निबन्ध प्रतियोगिता मे भाग लेंगे उन्हें उनकी क्षमता और मूल्यांकन के आधार पर अगर वे पुरष्कार पाने की श्रेणी मे नहीं भी आ पाते हैं तो भी उनको इस प्रतियोगिता मे भाग लेने का प्रमाणपत्र दिया जायेगा और सभी प्रतिभागियों को ताउम्र संस्था की सामान्य सदस्यता भी दी जायेगी। प्रतिभागियों द्वारा इस प्रतियोगिता के लिये जमा कराया गया शुल्क भविष्य की किसी भी अन्य प्रतियोगिता के लिये भी मान्य होगा, अतः संस्था द्वारा आयोजित भविष्य की किसी भी प्रतियोगिता मे वे निशुल्क भाग ले सकेंगे।

अगर किन्ही कारणों से प्रतियोगिता नहीं हो पाती है या निरस्त की जाती है तो प्रतियोगी छात्र छात्राओं द्वारा जमा किया गया शुल्क उन्हें वापस कर दिया जायेगा।

निबन्ध प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को लिया गया है जो वर्तमान मे शिक्षारत हैं। प्रतियोगिता मे केवल उत्तराखण्ड और उत्तराखण्ड मूल के प्रवासी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 31.10.2020 है और पहले चरण की निबन्ध प्रतियोगिता 22.11.2020 को होगी। कोरोना काल के चलते तिथियों मे फेरबदल की संभावना हो सकती है जिसकी सूचना प्रतिस्पर्धी को समय पर दी जायेगी। आवेदन सिर्फ ईमेल के द्वारा ही स्वीकार्य होंगें और बिना शुल्क कोई भी आवेदन स्वतः रद्द माना जायेगा।

प्रवासी छात्र छात्राओं को आवेदन फार्म मे अपने उत्तराखण्ड मूल का पूरा पता देना अनिवार्य है।

निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के मुख्य उद्दयेश्य हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार, विद्यार्थियों मे हिन्दी के लिए सम्मान एवं रुचि पैदा करना, हिन्दी लेखन व कौशल को बढ़ावा देना और प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हे उत्तराखण्ड के विकास मे सहभागिता के साथ राष्ट्र निर्माण के लिये प्रोत्साहित करना है।

पहले चरण की निबन्ध प्रतियोगिता समस्त छात्र छात्राओं के लिये होगी जिनके आवेदन स्वीकार किये गये हैं।

निबन्ध सिर्फ हिन्दी भाषा मे और प्रतियोगी द्वारा स्वलिखित होना चाहिये और केवल नीली या काली स्याही वाले पेन ही निबंध लेखन मे इस्तेमाल किये जा सकते

निबन्ध लेखन के लिये "शीर्षक" जिस पर निबन्ध लिखा जायेगा जजों के पैनल द्वारा तय होगा और निबन्ध लेखन की तिथि के दिन ही प्रातः 10 बजे प्रतियोगियों को शीर्षक दिया जायेगा। चार घण्टों के अन्तर्गत अतः उसी दिन अपराह्न 2 बजे तक प्रतियोगी द्वारा उसके लिखे गए निबन्ध की फोटो ईमेल द्वारा प्रेषित करनी होगी।

चयनित छात्र छात्रायें दूसरे चरण की प्रतियोगिता के लिये आमंत्रित किये जायेंगे और दूसरे चरण की प्रतियोगिता मे चयनित छात्र छात्रायें तीसरे चरण मे प्रवेश पा सकेंगे।

विज्ञप्ति मे दी गई जानकारी के मुताबिक ही प्रतियोगिता के तीनों चरणों का स्वरूप होगा। तीसरी और अंतिम निर्णायक प्रतियोगिता मानक अंको पर निर्धारित होगी। कुल 10 मानक अंक होंगे और परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त मानक अंको के आधार पर उनके रैंक, श्रेणी व स्थिति तय होगी। एक मानक अंक 30 सामान्य अंको के बराबर होगा। प्रथम श्रेणी पाने के लिए 9 या उससे ऊपर मानक अंक आवश्यक हैं।

प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये सभी विद्यार्थियों को आवेदन के साथ रु.50/- शुल्क का भुगतान करना होगा जिसकी वैधता सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान मान्य होगी।

असत्य जानकारी देने पर, प्रविष्टियों को पूरा न भरने पर और प्रथम चरण की प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये चयनित होने पर शुल्क वापसी का कोई प्रावधान नहीं होगा।

निबन्ध की जांच एवं मूल्यांकन के लिये अनुभवी शिक्षकों एवं जजों का पैनल गठित किया गया है और पैनल का निर्णय सर्वोपरि होगा जिसको किसी भी प्रकार से चुनौती देने का कोई भी प्रावधान नहीं होगा।

संस्था ने इस निबन्ध प्रतियोगिता को संचालित करने, सुचारु रूप से हर प्रकार की प्रक्रिया को पूर्ण करने और शुरू से अन्त तक के क्रियान्वयन के लिये संस्था के अध्यक्ष के साथ एक उच्च स्तरीय अधिकृत शिष्टमंडल का गठन किया है जो अपने आप मे एक प्रभावशाली समिति है और समय समय पर आवश्यकतानुसार आगे की प्रक्रिया की तरलता व सरलता के साथ समुचित निष्पादन के लिये नियमावली बनाने के लिये सक्षम होगी।

निबन्ध प्रतियोगिता के लिये विज्ञप्ति जारी करने के बाद माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और सभी जिलों के जिलाधिकारियों को भी ईमेल द्वारा और डाक द्वारा सूचित कर दिया गया है, इस सम्पूर्ण प्रक्रिया मे सरकारी तन्त्र के मदद की भी अपेक्षा की जाती है।

निबन्ध लेखन का मूल्यांकन विद्यार्थी के शब्द ज्ञान, भाषा शैली, व्याकरण का समुचित प्रयोग, सुलेख, लेखन शैली आदि के आधार किया जायेगा।

राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र और छात्रा दोनो को अलग अलग रु.50,000/- के चेक पुरष्कार स्वरूप भेंट किये जायेंगे।

द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.40,000/-(प्रत्येक)

तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.30,000/-(प्रत्येक)

चतुर्थ स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.25,000/-(प्रत्येक)

पांचवें स्थान से दसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.5-5 हजार, ग्यारहवें से बीसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.3-3 हजार, इक्कीसवें से तीसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.२-२ हजार और बाकी बचे इकत्तीसवें और आगे का स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को 1-1 हजार के चेक भेंट किये जायेंगे।

पुरष्कार वितरण समारोह के लिये स्थान एवं दिन का निर्णय सरोकार प्रबंधन कमेटी करेगी जिसका व्यापक रूप से प्रचार एवं प्रसार किया जायेगा ताकि समारोह मे अधिक से अधिक जन समूह को आमंत्रित किया जा सके। समारोह के संचालन के लिये विज्ञापन दाताओं को भी आमंत्रित कर खर्चा वहन के लिये धन जुटाया जायेगा।

यह उत्तराखण्ड और उत्तराखण्ड मूल के छात्र छात्राओं के लिये अपनी लेखन योग्यता परखने के साथ पुरष्कार और ख्याति पाने का अवसर भी होगा।

अतः इच्छुक छात्र छात्रायें दिये गये फार्म को भरकर शुल्क जमाकर अपनी फोटो और भुगतान की रसीद के साथ ईमेल से आवेदन कर सकते हैं।

हमारा ईमेल पता है anilkchand@gmail.com

आवेदन शुल्क सिर्फ हमारे बैंक मे जमा किया जा सकता है, हमारे बैंक का विवरण इस प्रकार है।

सरोकार

A/C No. 36403705145 (SBI)

IFSC - SBIN0006299 SWIFT

Branch - Sabdar Khal, Pauri Garhwal

Uttarakhand - 246301

अनिल चंद